NNI
हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष:06, अंक:-04, पृष्ठ: 12 | शुक्रवार, 10 जुलाई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र





### अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी में बड़ा खुलासा

# शेयर बाजार में भी लगाया जा रहा था चंदे का पैसा



**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर के चढ़ावा की चोरी के आरोपी शेयर बाजार में भी पैसा लगाते थे। सूत्रों के हवाले से ये बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपी, चढ़ावा चोरी के इन पैसों को पहले जानकारों और रिश्तेदारों के अकाउंट में कैश के रूप में जमा किया जाता था। फिर ये उसी पैसों को अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवाते थे ताकि पैसों का सोर्स छुप जाए और पैसा नंबर 1 में दिखाया जा सके।

पुलिस ने फ्रीज किए आरोपियों के कई रिश्तेदारों के अकाउंट

इसी को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों के रिश्तेदार और दोस्तों के करीब 2 दर्जन अकाउंट को फ्रीज करवाया है। तीनों आरोपी पूछताछ के बाद जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस को शक है कि कुछ लोकल सर्राफ इन सबका चोरी वाला सोना गलाते थे, इस लिहाज से भी पुलिस की जांच जारी है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपी, नोटों की गिनती से पहले ही नोटों को छिपा लेते थे। आरोपी अनुकल्प, लवकुश और करुणेश की निशानदेही पर पुलिस ने कैश, सोने की चेन, मोबाइल और कार बरामद की और उसे जब्त कर लिया। अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाए गए चढ़ावे और दान में चोरी का गंभीर मामला जून, 2026 में पहली बार सामने आया।

आरोप के मुताबिक, राम मंदिर में लगे दानपात्रों से चढ़ावे की धनराशि को गायब किया जा रहा था। इस मामले में 8 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले का आरोपी टिन्नू यादव, चंपत राय के निजी ड्राइवर था। वहीं, आरोपी अनुकल्प मिश्रा, आउटसोर्सिंग का कर्मचारी था। इसके अलावा, लवकुश मिश्रा ऑटोमोबाइल मैकेनिक था। अविनाश शुक्ला एक प्राइमरी स्कूल का टीचर था, वह भी आरोपी है। साथ ही, संविदा कर्मचारी रामशंकर मिश्रा के पास कैश संभालने की जिम्मेदारी थी। वहीं, मनीष यादव के पास हाउसकीपिंग का काम था। करुणेश पांडेय भी चंदा गिनने का संविदा कर्मचारी था। वहीं, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव एक रिटायर्ड कर्मचारी था जो चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी है।

### पूरी तरह से बदलेगी दर्शन की व्यवस्था

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट 22 जुलाई के बाद राम मंदिर की व्यवस्थाओं में व्यापक बदलाव लागू करने की तैयारी में है। दर्शन व्यवस्था, राग-भोग, पूजा-पद्धति, श्रद्धालु सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए ट्रस्ट नए सिरे से मंथन कर रहा है। इसके लिए अयोध्या के संतों और रामानंदीय परंपरा के विद्वानों के सुझावों को भी शामिल किया जा रहा है। ट्रस्ट की 22 जुलाई को प्रस्तावित बैठक के बाद नई व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा सकता है। बैठक में ट्रस्ट के नए महासचिव व रिक्त पदों पर नए सदस्यों का चयन किया जाना लगभग तय है। हाल के घटनाक्रमों के बाद ट्रस्ट मंदिर की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के पक्ष में है। इसी क्रम में पूजा-पद्धति को रामानंदीय परंपरा के अनुरूप और व्यवस्थित करने, राग-भोग की व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कई बिंदुओं पर विचार किया जा रहा है।

## 'मुझे चुप कराने के लिए आपको मुझे मारना पड़ेगा'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश जारी किया। इस वीडियो संदेश में ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और सत्ताधारी दल पर टीएमसी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने कहा कि 'अगर सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें चुप कराना चाहती है या टीएमसी को खत्म करना चाहती है तो उसके लिए पहले उन्हें मुझे मारना होगा।'

वीडियो संदेश में ममता बनर्जी ने टीएमसी पार्टी में हो रही बगावत और टीएमसी नेताओं के कथित शोषण पर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने में लगी है। ममता बनर्जी ने कहा कि टीएमसी के कई नेताओं पर हमले हुए हैं और उनका अपमान किया गया है। इनमें महुआ मोइत्रा, अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

ममता बनर्जी ने कहा, 'आप ने किस पर हमला नहीं किया है? आपने महुआ, अभिषेक बनर्जी, कल्याण बनर्जी पर हमला किया। आपने मेरे घर पर हमला किया।'

ममता बनर्जी का यह वीडियो संदेश ऐसे समय आया है, जब टीएमसी पार्टी बड़ी चुनौतियों से निपट रही है। पार्टी में अंदरुनी मतभेद और बगावत उभरी है और पार्टी में टूट का खतरा है। बागी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को करीब 60 विधायकों का समर्थन मिला हुआ है।

ममता बनर्जी ने वीडियो संदेश में दावा किया कि उनके कई सहयोगियों से पुलिस हिरासत में अमानवीय व्यवहार किया गया। टीएमसी प्रमुख ने कहा, 'मेरे कई सहयोगी जेल में बंद हैं, उन्हें फर्श पर सोने को मजबूर किया जा रहा है।

## 15 मछुआरों के साथ बंगाल की खाड़ी में लापता हुई मछली पकड़ने वाली ट्रॉलर



**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी से एक चिंताजनक खबर सामने आई है। समुद्र में मछली पकड़ने गई एक ट्रॉलर लापता हो गई है। इस ट्रॉलर पर सवार कुल 15 मछुआरों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। इनमें ओडिशा के बालेश्वर जिले के तीन मछुआरे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, 'मां काली' नाम की यह ट्रॉलर 2 जुलाई को पश्चिम बंगाल के शंकरपुर फिशिंग हार्बर से समुद्र में मछली पकड़ने के लिए निकली थी। बताया जा रहा है कि समुद्र में तेज लहरों और खराब मौसम का सामना करने के बाद ट्रॉलर अचानक लापता हो गई। जानकारी के अनुसार, समुद्र में यह खराब मौसम बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण पैदा हुआ है। इसी वजह से समुद्र में ऊंची लहरें उठीं, जिसके बाद ट्रॉलर से संपर्क टूट गया। लापता मछुआरों में ओडिशा के बालेश्वर जिले के भोगराई ब्लॉक के उलुदा गांव के तीन लोग शामिल हैं। उनकी पहचान रबिंद्र माझी, जगन्नाथ माझी और जयराम माझी के रूप में हुई है। ट्रॉलर पर सवार बाकी 12 मछुआरे पश्चिम बंगाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

## पटना में लाइनमैन की मौत के बाद सड़क जाम और आगजनी

**पटना।** पटना में एक लाइनमैन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद भारी बवाल खड़ा हो गया है। आक्रोशित परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया और आग जलाकर उग्र प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि लाइनमैन की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या की गई है। पटना के बेऊर मोड़ पर एक कॉन्ट्रैक्ट लाइनमैन की मौत के बाद परिजनों ने सड़क जाम और आगजनी कर विरोध प्रदर्शन किया। परिवार का आरोप है कि उसकी गाड़ी से गलती से एक बच्चे को टक्कर लगने के बाद भीड़ ने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। गुरुवार को हुई इस घटना के बाद, हालात को काबू में करने और इलाके में ट्रैफिक बहाल करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।



नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार जारी उथल-पुथल और घुसपैठ की आशंकाओं के बीच थल सेना अध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने वीरवार को राजोरी और पुंछ के अग्रिम क्षेत्रों में अपना पहला अत्यंत महत्वपूर्ण दौरा किया। उन्होंने एलओसी पर सुरक्षा परिदृश्य, सेना की ऑपरेशनल तैयारियों और सैनिकों की युद्ध तत्परता की समीक्षा की। उन्होंने पुंछ ब्रिगेड मुख्यालय में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ अहम बैठक की।

## ट्रंप की हत्या की साजिश रच रहा है ईरान? इस्राइल के दावे से हड़कंप

**वाशिंगटन।** एक रिपोर्ट में दावा किया है कि इस्राइल की सरकार ने अमेरिका के साथ एक खुफिया सूचना साझा की है। इस सूचना के तहत ईरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मारने की साजिश रच रहा है। अगर इस्राइल की इस खुफिया सूचना की पुष्टि होती है तो यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच पहले ही तनाव बढ़ा हुआ है और दोनों तरफ से एक दूसरे के ठिकानों पर हवाई हमले किए जा रहे हैं।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर ने कुद्स फोर्स के पूर्व कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेने की कसम



खाई हुई है। कासिम सुलेमानी की हत्या डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में हुई थी। चूंकि ट्रंप ने ही कासिम सुलेमानी की हत्या के लिए ड्रोन हमले का आदेश दिया था, इसलिए ईरान की आईआरजीसी सेना ट्रंप को इसके लिए जिम्मेदार मानती है।

वहीं बीती 28 फरवरी को अमेरिकी हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ट्रंप ईरान के चरमपंथियों की हिटलिस्ट में पहले नंबर पर हैं। एक अन्य रिपोर्ट की पुष्टि की है और दावा किया है कि इस सप्ताह ही इस्राइल की तरफ से अमेरिका को खुफिया सूचना दी गई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियां भी ऐसे खतरे को लेकर सतर्क हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि ट्रंप की ईरान के खिलाफ फैसले लेने की क्षमता को प्रभावित करने के लिए भी इस्राइली खुफिया एजेंसियां ऐसा आकलन कर सकती हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी कई बार कह चुके हैं कि ईरान की तरफ से उनकी जान को खतरा है। तुर्किए के अंकारा में नाटो सम्मेलन से इतर मीडिया से बात करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 'वे अमेरिकी नेताओं की जान लेना चाहते हैं और मुझे भी मारना चाहते हैं। मैं उनकी हिट लिस्ट में शीर्ष पर हूं। ट्रंप ने कहा कि मैं इस मामले में अभी तक भाग्यशाली रहा हूं, लेकिन हो सकता है कि ज्यादा समय तक भाग्य मेरा साथ न दे।'

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

www.nnindianews.com
शुक्रवार, 10 जुलाई, 2026


# लैंडस्लाइड

## उत्तराखंड में 1000 लोग फंसे यूपी में बारिश से 10 की मौत





**नई दिल्ली।** मानसून के पूरे देश को कवर करने के बाद कई राज्यों में बारिश जारी है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को 30 शहरों में बारिश हुई। बारिश से जुड़े अलग-अलग हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई। बुलंदशहर में मस्जिद की पुरानी दीवार गिरने से एक ही परिवार के 2 लोगों की जान गई। हरदोई में 2 बहनें नदी में बह गईं।

राजस्थान के धौलपुर में बारिश के चलते मकान ढह गया और 6 लोग मलबे में दब गए। अजमेर के किशनगढ़ में भी कच्चा मकान ढहने से माता-पिता और बच्चा दब गया। राज्य में 6 ट्रेनें कैंसिल हुई हैं। कई ट्रेनें लेट भी हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्यानाचट्टी के पास यमुनोत्री हाईवे और नालूपानी के पास गंगोत्री हाईवे लैंडस्लाइड से बंद हैं। यमुनोत्री मार्ग बंद होने से करीब 1000 यात्री फंसे हैं। 10 जिलों में बारिश के कारण आज स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई। पिथौरागढ़ में आदि कैलाश मार्ग चट्टानें गिरने से बंद है। हरिद्वार में सड़कों पर 3-4 फीट पानी भर गया। दिल्ली में बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। कई जगह पेड़ गिरने से ट्रैफिक जाम लगा। मानसून ने पूरे देश को कवर कर लिया। इसे पूरे देश को कवर करने में 38 दिन लगते हैं, लेकिन इस बार 36 दिन में ही कवर कर लिया। हालांकि, मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन बाद मानसून की रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

## अयोध्या में सीएम योगी बोले- हनुमानगढ़ी मंदिर की सीढ़ियों पर नमाज पढ़ाने का पाप सपा-कांग्रेस ने किया

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या दौरे में बीकापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अयोध्या को 432 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि लंबे समय तक अयोध्या विकास से दूर रही। सपा और कांग्रेस की सरकारों ने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का काम किया। क्या कभी दिल्ली की जामा मस्जिद में कोई हनुमान चालीसा पढ़ सकता है। सपा-कांग्रेस के लोगों ने ये पाप किया है।



उन्होंने कहा कि अयोध्या आज विकास और समृद्धि के वैभव की ओर बढ़ रही है। अगर मंशा साफ हो तो विका अपने आप होता है। आज अयोध्या में दिख रहा है कि जब प्रभु श्रीराम की कृपा और हनुमान जी का आशीर्वाद हो तो अयोध्या के सारे काम अपने आप ही होते हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज अयोध्या हवाईअड्डे के माध्यम से पूरे देश और दुनिया से जुड़ चुकी है। अयोध्या की पहचान बदल गई है। पहले सरयू का जल दूषित रहता था पर कोई सफाई नहीं होती थी क्योंकि सपा-कांग्रेस के लोग अयोध्या को बदनाम करते थे अब डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकारों ने बिना थके बिना रुके काम किया जिससे नगर की पहचान बदली। डबल इंजन की सरकारों ने अयोध्या में वो करके दिखाया है जो कि 500 साल में नहीं हो सका। अब अयोध्या विकास और विरासत के पथ पर आगे बढ़ रही है।


## पहली बार बिग बैश लीग का मैच भारत में होगा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की टी-20 लीग बिग बैश लीग (बीबीएल) का ओपनिंग मैच भारत में खेला जाएगा। मुकाबला चैन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 12 दिसंबर को होगा। यह पहली बार होगा, जब किसी विदेशी क्रिकेट लीग का मैच भारत में होगा।



पीएम मोदी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। मोदी अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे के तीसरे और आखिरी दिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ भी मौजूद रहे। पीएम इंडोनेशिया और आस्ट्रेलिया दौरे के बाद न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो गए हैं। वे न्यूजीलैंड सरकार के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इसके बाद 40 हजार भारतीयों को संबोधित करेंगे।

बीबीएल के 15 साल के इतिहास में यह पहली बार होगा, जब लीग का कोई मैच ऑस्ट्रेलिया के बाहर आयोजित होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इसे दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट बाजार भारत में अपनी पहुंच बढ़ाने और लीग को वैश्विक पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम मान रही है।



## डीवीवीएनएल ने 73 हजार उपभोक्ताओं को दिया नोटिस

**आगरा** एनएनआई। डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर 15 दिन का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्कूल बस, वैन, ऑटो और ई रिक्शा की चेकिंग की जा रही है। यह देखा जा रहा है कि वाहन में क्षमता से अधिक सवारी तो नहीं है। नियमों के उल्लंघन पर चालान और सीज करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को अधिकृत, सुरक्षित और मानक अनुरूप स्कूल वाहन से ही आवागमन कराएं। डीवीवीएनएल ने लंबे समय से बिजली बिल जमा न करने वाले बकायेदारों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने करीब 73 हजार उपभोक्ताओं को चिह्नित कर नोटिस जारी किए हैं, जिन्होंने कई बार चेतावनी के बावजूद बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है।

## PUBLIC NOTICE

I, Gurpreet Singh Ahuja, hereby declare that Gurpreet Singh Ahuja and Gurpreet Ahuja are one and the same person. The omission of the word "Singh" in my son's educational records was inadvertent. Henceforth, my correct name shall be Gurpreet Singh Ahuja.

Sd/-
**Gurpreet Singh Ahuja**


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# खेरागढ़ की पोखर में मिली युवक की लाश



एनएनआई

**खेरागढ़**। कस्बे की फुलईया पोखर में शुक्रवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर सुबह करीब 11 बजे खेरागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस पोखर से शव को सुरक्षित बाहर निकलवाने की व्यवस्था कर रही है। आवश्यक संसाधनों की मदद से शव को निकालने का प्रयास जारी है, ताकि आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी खेरागढ़ हरीश कुमार ने बताया कि फुलईया पोखर में एक अज्ञात व्यक्ति के शव की सूचना मिली है। पुलिस टीम मौके पर मौजूद है और शव को बाहर निकलवाने की कार्रवाई की जा रही है। शव बाहर निकलने के बाद उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जाएगा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## मसाला फैक्टरी पर छापा, 410 किलो मसाले सीज

एनएनआई

**आगरा**। खाद्य विभाग की टीम ने दयालबाग खासपुरा स्थित एमएस सूरजी स्पाइसेज में छापा मारा। यहां 410 किलो मसाले मिले। इनमें मिलावट की आशंका है। ये खुले में भी रखे थे, जिनमें बारिश में नमी के कारण कीड़े पनपने का खतरा था। इनको सीज कर दिया है। जांच के लिए सात नमूने लेकर लैब भेज दिए हैं। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम ने दयालबाग खासपुरा स्थित एमएस सूरजी स्पाइसेज में छापा मारा। यहां पर मसालों का कार्य होता है। निरीक्षण में मसालों का रखरखाव साफ-सफाई में नहीं था। इनमें मिलावट होने की भी आशंका है। ऐसे में टीम ने 300 किलो सेंधा नमक, 53.9 किलो हल्दी पाउडर और 56 किलो धनिया पाउडर सीज कर दिया है।

इन मसालों का वजन 409.9 किलो है, जिसकी कीमत करीब 49 हजार रुपये है। जांच के लिए धनिया पाउडर, साबुत जीरा, हल्दी पाउडर, सेंधा नमक, स्नैक्स मसाला, पिज्जा ओरिगैनो और सलाद मसाला के नमूने लिए। जांच में नमूना फेल मिलने पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अलावा टीम ने जगनेर स्थित एसके गोयल सेल्स के यहां से गरम मसाला का नमूना लेकर जांच के लिए लैब भेज दिया है।



# जिले में बनेंगी 225 नई सरकारी राशन की दुकानें

एनएनआई

**आगरा**। ग्राम पंचायतों में राशन वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 225 नए अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जाएगा। इन भवनों में सरकारी राशन की दुकानों का संचालन किया जाएगा। इसके साथ ही डीलर जनरल स्टोर और कॉमन सर्विस सेंटर संचालित कर सकते हैं।

जिले की 590 ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्र में 1,253 राशन की दुकान हैं। अब राशन की दुकानों को निजी भवनों से हटाकर सरकारी दुकानों में शिफ्ट करने का कार्य चल रहा है। इसके लिए ग्राम समाज की भूमि पर सरकारी अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे हैं। वर्ष 2023-24 में 75 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण मनरेगा के तहत कराया गया था। अब 2026-27 के लिए 225 दुकानों के निर्माण के प्रस्ताव भेजे हैं। इनमें 150 के लिए जमीन मिल गई है। 75 के लिए तलाश की जा रही है।

जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि राशन की दुकानों को निजी भवनों से खुद की दुकानों में लाया जा रहा है। इसके लिए अन्नपूर्णा भवन तैयार हो रहे हैं।

इस साल 225 का प्रस्ताव भेजा है। इनमें ग्रामीणों की सुविधा के लिए कॉमन सर्विस सेंटर और जनरल स्टोर भी खोलने की योजना है।

## सौ से अधिक स्कूली वाहनों पर कार्रवाई

**आगरा** एनएनआई। नौनिहालों की जान जोखिम में डालकर स्कूली वाहनों को चालक दौड़ा रहे हैं। वैन में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है। ऑटो में भी आगे की सीट पर बैठाकर नियमों की अनदेखी की जा रही है। पुलिस ने एक सप्ताह से स्कूली वाहनों की चेकिंग का अभियान शुरू किया। इसमें यह बात निकलकर सामने आई है। अब तक पुलिस 100 से अधिक वाहन के चालान और सीज करने की कार्रवाई कर चुकी है।

डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर 15 दिन का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्कूल बस, वैन, ऑटो और ई रिक्शा की चेकिंग की जा रही है। यह देखा जा रहा है कि वाहन में क्षमता से अधिक सवारी तो नहीं है।

नियमों के उल्लंघन पर चालान और सीज करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को अधिकृत, सुरक्षित और मानक अनुरूप स्कूल वाहन से ही आवागमन कराएं।

निजी वाहन से भेज रहे हैं तो उसकी तकनीकी स्थिति आदि का पता जरूर करें। उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के बारे में विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों से जानकारी देने के लिए कहा है। इसके लिए यातायात पुलिस का नंबर 9454457886 भी जारी किया है।




NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 10 जुलाई, 2026


# बचपन को बदनाम नहीं, सुरक्षित करें

## छोटा बच्चा जान के ना कोई आंख दिखाना

- नाबालिग की पहचान उजागर करना पड़ सकता है भारीः जानिए क्या कहता है किशोर न्याय कानून
- बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना पुलिस, मीडिया और समाज की कानूनी जिम्मेदारी

### सोशल मीडिया सबसे बड़ी चुनौती



आज अनेक मामलों में पुलिस कार्रवाई से पहले ही बच्चे की फोटो और वीडियो वायरल हो जाते हैं। कई बार इन्हें लाखों लोग देख लेते हैं। बाद में यदि बच्चा निर्दोष भी सिद्ध हो जाए, तब भी उसकी पहचान हमेशा के लिए इंटरनेट पर बनी रह सकती है। इससे उसकी शिक्षा, रोजगार, विवाह, सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसी भी नाबालिग का वीडियो या फोटो साझा करना केवल नैतिक नहीं, कानूनी दृष्टि से भी गंभीर विषय है।



नरेश कुमार पारस
अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट

(एनएनआई)

### बाल अधिकार कानून विशेषज्ञ एवं अधिवक्ता



जब भी किसी नाबालिग का नाम किसी आपराधिक घटना से जुड़ता है, तो अक्सर कानून की जानकारी के अभाव में उसके साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है जो स्वयं कानून का उल्लंघन बन जाता है। कई मामलों में पुलिस सामान्य आरोपी की तरह कार्रवाई करती है, मीडिया बच्चे का नाम और फोटो प्रकाशित कर देता है तथा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिए जाते हैं। जबकि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 का मूल उद्देश्य बच्चों को दंडित करना नहीं, बल्कि उनके अधिकारों की रक्षा, सुधार और पुनर्वास सुनिश्चित करना है। यह अधिनियम भारत के संविधान तथा संयुक्त राष्ट्र के बाल अधिकार अभिसमय (UN Convention on the Rights of the Child – UNCRC) की भावना पर आधारित है। भारत ने इस अभिसमय का अनुमोदन किया है और बच्चों के सर्वोत्तम हित (Best Interest of the Child) को नीति का आधार माना है।




### संविधान भी देता है विशेष संरक्षण

**भारतीय संविधान बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक प्रावधान करता है–**

- अनुच्छेद 14 : कानून के समक्ष समानता।
- अनुच्छेद 15(3) : महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष कानून बनाने का अधिकार।
- अनुच्छेद 21 : गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार।
- अनुच्छेद 21अ : 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा।
- अनुच्छेद 39(ई) एवं 39(एफ) : बच्चों को शोषण से बचाना तथा स्वस्थ विकास सुनिश्चित करना।
- अनुच्छेद 45 : प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा को बढ़ावा देना।
- अनुच्छेद 47 : बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य में सुधार के लिए राज्य का दायित्व।

### किशोर न्याय अधिनियम के मूल सिद्धांत (धारा 3)

अधिनियम की धारा 3 बच्चों से जुड़े प्रत्येक निर्णय में कुछ बुनियादी सिद्धांतों का पालन अनिवार्य करती है, जैसे–

- बच्चे के सर्वोत्तम हित का सिद्धांत।
- गरिमा और स्वाभिमान का सम्मान।
- निर्दोषता की धारणा।
- पारिवारिक उत्तरदायित्व।
- गोपनीयता और निजता।
- पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापन।
- संस्थागत देखभाल को अंतिम विकल्प मानना।

यही सिद्धांत पुलिस, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति और न्यायालयों के निर्णयों का आधार होते हैं।

### पुलिस की कानूनी जिम्मेदारियाँ

**किशोर न्याय अधिनियम की विभिन्न धाराएँ पुलिस पर विशेष दायित्व डालती हैं–**

**धारा 10-** यदि किसी बच्चे को पुलिस अपने संरक्षण में लेती है तो उसे सामान्य लॉकअप या जेल में नहीं रखा जा सकता। उसे यथाशीघ्र किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**धारा 12-** बच्चे को जमानत देना सामान्य नियम है। केवल विशेष परिस्थितियों में ही जमानत से इंकार किया जा सकता है, जैसे कि उसके किसी ज्ञात अपराधी के संपर्क में आने या उसके हितों को गंभीर जोखिम होने की आशंका।

**धारा 14-** किशोर न्याय बोर्ड को मामले की समयबद्ध सुनवाई कर यथाशीघ्र निर्णय देना चाहिए।

**धारा 15-** यदि 16 से 18 वर्ष आयु के बच्चे पर जघन्य अपराध का आरोप है, तो बोर्ड पहले उसकी मानसिक एवं शारीरिक क्षमता, अपराध को समझने की योग्यता तथा परिस्थितियों का प्रारंभिक आकलन करेगा। यह प्रावधान स्वतः वयस्क की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं देता।

**धारा 18-** बच्चे के सुधार, परामर्श, शिक्षा, सामुदायिक सेवा, पर्यवेक्षण या अन्य पुनवार्सात्मक उपायों पर बल दिया गया है। उद्देश्य दंड नहीं, बल्कि पुनर्स्थापन है।

### पहचान उजागर करना कानूनन प्रतिबंधित

अधिनियम की धारा 74 स्पष्ट रूप से किसी भी ऐसे बच्चे की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है जो कानून के साथ संघर्ष की स्थिति में हो या संरक्षण की आवश्यकता वाला बालक हो।

**इसलिए प्रकाशित या प्रसारित नहीं किए जा सकते–**

**नाम, फोटो, वीडियो, पता, विद्यालय का नाम, माता-पिता का विवरण, या कोई भी ऐसी जानकारी जिससे पहचान संभव हो।**

यह प्रतिबंध समाचार-पत्र, टीवी, यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप, एक्स और अन्य सभी डिजिटल माध्यमों पर समान रूप से लागू होता है।

### बच्चों पर क्रूरता भी दंडनीय



अधिनियम की धारा 75 बच्चों के प्रति क्रूरता को दंडनीय बनाती है। यदि कोई व्यक्ति बच्चे के साथ ऐसा व्यवहार करता है जिससे उसके मानसिक या शारीरिक स्वास्थ्य को क्षति पहुँचे, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

### आम नागरिक क्या करें?

- किसी भी नाबालिग का फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें।
- बच्चे की पहचान उजागर करने वाली पोस्ट को आगे न बढ़ाएँ।
- यदि किसी बच्चे के साथ शोषण हो रहा हो तो पुलिस, बाल कल्याण समिति या 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दें।
- बच्चों से जुड़े मामलों में सनसनी नहीं, संवेदनशीलता अपनाएँ।

क्रमशः कल के अंक में ...

# 23 देशों के 65 सदस्यों ने जानी भारतीय निर्वाचन प्रक्रिया

एनएनआई




**आगरा।** विभिन्न 23 देशों के 65 सदस्यीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने जनपद भ्रमण किया। इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली (आईआईआईडीईएम) के तत्वावधान में क्षेत्रीय भ्रमण के अंतर्गत जनपद का दौरा किया, डेलिगेशन ने ताजमहल, लालकिला विजिट के साथ मतदाता पंजीकरण एवं ईपीआईसी केंद्र, ईवीएम वेयर हाउस आदि का भी भ्रमण कराया गया, प्रतिनिधिमंडल में पेरू, अल्बानिया, कजाकिस्तान नामीबिया, थाईलैंड, फिलीपींस, केन्या, सियरा लियोन, मंगोलिया, भूटान, श्रीलंका, ब्राजील, पापुआ न्यू गिनी आदि देशों के इलेक्शन संबंधी सदस्य शामिल थे।

जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विदेशी डेलिगेशन को तहसील सदर सभागार में मतदाता पंजीकरण एवं ईपीआईसी केंद्र के संचालन, ईवीएम के रखरखाव, सुरक्षा,वेयर हाउस आदि चुनावी प्रक्रिया तथा इलेक्शन कामकाज के बारे में ब्रीफिंग कर जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत में विश्व की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी व्यवस्था है, समग्र चुनावी व्यवस्था को पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा संविधान में दिए प्रावधानों के नियमानुसार संचालित किया जाता है। भारत का चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक निकाय है। सभी कार्यों को संपादित किए जाने हेतु नियमों का निर्धारण किया गया है, उक्तानुसार ही चुनावी व्यवस्था संचालित की जाती है। दिव्यांग वोटर्स के लिए बूथों पर विशेष सुविधा तथा मतदाता जागरूकता अभियान संचालित कर जनतंत्र व मताधिकार के प्रति जन चेतना हेतु कार्य किया जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान का अधिकार केवल उन नागरिकों को प्राप्त है जिनका नाम निर्वाचन नामावली में दर्ज होता है। भारत में निर्वाचन नामावली पूर्णतः डिजिटल एवं केंद्रीकृत प्रणाली पर आधारित है तथा इसका निरंतर अद्यतन किया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के संबंध में उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को प्रत्येक मतदाता के लिए सरल, सहज एवं सुलभ बनाया गया है। ईवीएम पर प्रत्येक प्रत्याशी का नाम, चुनाव चिह्न तथा मतदान बटन स्पष्ट रूप से प्रदर्शित रहता है। संवादात्मक सत्र के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भारतीय निर्वाचन प्रणाली, मतदाता पंजीकरण व्यवस्था, निर्वाचन नामावली के सतत अद्यतन, ईवीएम आधारित मतदान प्रणाली तथा तकनीक आधारित निर्वाचन प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय निर्वाचन व्यवस्था की पारदर्शिता, समावेशी दृष्टिकोण, तकनीकी दक्षता एवं सुदृढ़ संस्थागत व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे विश्व की सबसे व्यापक एवं प्रभावी लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रणालियों में से एक बताया।

# भक्तों का कल्याण करने के लिए महोत्कट रूप में आते हैं भगवान : डॉ दीपिका उपाध्याय

## गणेश पुराण प्रवचन श्रृंखला में व्यक्त किए

एनएनआई



**आगरा।** भगवान गणेश विभिन्न युगों में विभिन्न रूपों में अवतरित होते हैं। सतयुग में महोत्कट रूप में, त्रेता में मयूरेश्वर रूप में, द्वापर में गजानन तथा कलियुग में धूम्रकेतु रूप में आकर भगवान गणेश अपनेभक्तों का कल्याण करते हैं।' उक्त उद्गार कथावाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने श्री गणेश पुराण प्रवचन श्रृंखला में व्यक्त किए। गुरुदीपिका योगक्षेम फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रही गणेश कथा का आज तीसरा दिन था।

भगवान गणेश को दूर्वा चढ़ाने का कारण बताते हुए कथावाचक ने बताया कि जब अनलासुर के द्वारा फैलाई जा रही अग्नि से संपूर्ण ब्रह्मांड दग्ध हो उठा था तब भगवान गणेश ने अनलासुर को अपने कंठ में रखकर सृष्टि की रक्षा की थी, किंतु इससे उनके गले में दाह हो गया। इस पीड़ा को कम करने के लिए सभी ऋषि मुनियों ने उनके मस्तक पर 21 दुर्वांकुर अर्पित किए जिनकी शीतलता से गणेश जी प्रसन्न हुए तभी से भगवान गणेश को दुर्वांकुर चढ़ाए जाने लगे। आगे कथा वाचक ने देव सेनापति भगवान कार्तिकेय के अवतरण का प्रसंग सुनाया। महोत्कट अवतार की भूमिका कहते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार देवांतक तथा नरान्तक के अत्याचारों से सृष्टि की रक्षा करने के लिए भगवान गणेश ने ऋषि कश्यप तथा माता अदिति के यहां महोत्कट रूप में अवतार लिया तथा विभिन्न राक्षसों का वध किया। इस अवसर पर कैप्टन विशन सिंह, देवेंद्र गोयल, आर के मेहता, वीर किशोर गुप्ता, कान्ता शर्मा, सरिता गौतम, सारिका कालरा आदि उपस्थित रहे

# आगरा मेनोपॉज सोसायटी ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

## आवश्यक दवाइयाँ, पौष्टिक खाद्य सामग्री एवं सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए

एनएनआई




**आगरा।** महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान के उद्देश्य से आगरा मेनोपॉज सोसायटी द्वारा जिला कारागार, आगरा के सहयोग से महिला बंदियों के लिए महिला स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान से हुआ, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य, रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज), सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर एवं स्तन कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं में प्रचलित विभिन्न भ्रांतियों एवं मिथकों का वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर निराकरण करते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में कुल 70 महिला बंदियों ने उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में सहभागिता की। इस अवसर पर आगरा मेनोपॉज सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. सीमा सिंह, सचिव डॉ. नीलम सिंह, डॉ. गायत्री गुप्ता, डॉ. आकांक्षा गुप्ता, डॉ. केया, डॉ. आरुषि एवं डॉ. अंकिता सहित पैरामेडिकल स्टाफ एवं स्वयंसेवकों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।

आगरा मेनोपॉज सोसायटी ने जिला कारागार प्रशासन, जेल अधीक्षक, जेल चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त कारागार स्टाफ का कार्यक्रम के सफल आयोजन में मिले सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी महिला स्वास्थ्य, मेनोपॉज जागरूकता एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# वाहन टैग व्यवस्था के विरोध में व्यापारियों ने भरी हुंकार

- मंडी समिति सचिव को सौंपा ज्ञापन, व्यवस्था वापस न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

एनएनआई



**आगरा।** कृषि उत्पादन मंडी समिति (गल्ला मंडी), यमुनापार में वाहन टैग व्यवस्था के विरोध में व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। श्री मोतीगंज खाद्य व्यापार समिति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने मंडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए सरकार और मंडी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद मंडी समिति के सचिव अजय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर वाहन टैग व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग की गई। समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद मंगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश का अधिकांश व्यापारी पारंपरिक तरीके से व्यापार करता है। बड़ी संख्या में व्यापारी अधिक शिक्षित नहीं हैं और कंप्यूटर तथा मोबाइल आधारित तकनीकी प्रक्रियाओं का उन्हें पर्याप्त ज्ञान नहीं है। इसके बावजूद विभाग समय-समय पर नई-नई ऐप आधारित व्यवस्थाएं लागू कर देता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में लागू की गई वाहन टैग व्यवस्था व्यापारियों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। वाहन की ऑनलाइन टैगिंग, तकनीकी खामियां, सर्वर की दिक्कतें और जटिल प्रक्रिया के कारण माल की आवक और निकासी प्रभावित हो रही है। व्यापारियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां बाधित हो रही हैं। इसका सीधा असर किसानों, व्यापारियों, परिवहनकताओं और ग्राहकों पर पड़ रहा है। समिति के मंत्री शैलेन्द्र अग्रवाल (शालू) ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यदि व्यापार को आसान बनाना है तो व्यवस्था भी सरल और व्यवहारिक होनी चाहिए। वर्तमान वाहन टैग व्यवस्था इसके बिल्कुल विपरीत है। इससे छोटे और मध्यम व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है तथा उनका मानसिक उत्पीड़न भी हो रहा है। इस अवसर पर मयंक मंगल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, राकेश खंडेलवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, नरेश चंद्र गोयल, नवीन गोयल, नरेंद्र अग्रवाल, कपिल गर्ग, विशाल अग्रवाल, अखिल मंगल, पवन गोयल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत बमरौली कटारा में चलाया विद्युत सुरक्षा जागरूकता अभियान

एनएनआई



**आगरा।** बमरौली कटारा ग्राम में विद्युत सुरक्षा एवं ऊर्जा संरक्षण को लेकर एक व्यापक जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव, सुरक्षित विद्युत उपयोग तथा ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर टोरेंट पावर के सुरक्षा विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को विद्युत सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि बिजली का सुरक्षित उपयोग ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे कभी भी टूटे हुए विद्युत तारों के संपर्क में न आएं, विद्युत लाइनों के नीचे निर्माण कार्य या पेड़ लगाने से बचें तथा किसी भी प्रकार की विद्युत खराबी की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। साथ ही बच्चों को भी बिजली से जुड़े संभावित खतरों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया।

जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीणों को विद्युत सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों, आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों तथा सुरक्षित विद्युत व्यवहार की जानकारी सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से दी गई। उपस्थित लोगों ने अधिकारियों से विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर दिया गया।

इस मौके पर सुरेंद्र कटारा, देवेन्द्र कटारा, धर्मेंद्र जादोन, राकेश राणा, राकेश सिंह प्रधान, मनोज उपाध्याय, श्याम सिकरवार, ओमकार सिकरवार, आरिफ, सत्यभान, आकाश सिंह, अनुज कटारा, सोनू कटारा, सुनील कुमार, दीपक सिंह, शुभम शुक्ला और राजू तिवारी मौजूद रहे।

# 48 घंटे बाद भी नहीं लगा गंगा देवी का सुराग

## सुभाष बाजार हादसाः 100 कर्मचारी, बुलडोजर और एसडीआरएफ भी बेबस

एनएनआई

**आगरा।** सुभाष बाजार में नाले के ऊपर बनी दुकान ढहने से लापता गंगा देवी की तलाश के लिए नगर निगम ने 100 कर्मचारियों की टीम लगाई है। बृहस्पतिवार सुबह 6 बजे से अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार की अगुवाई में चार बुलडोजर और चेन मशीनों के साथ कर्मचारियों का दल मौके पर पहुंचा। नाले में तलाश के लिए सीवर मैनहोल के विशेषज्ञ वीए टेक वबाग के कर्मचारी भी भेजे गए, लेकिन रात तक वृद्धा का पता नहीं चल पाया। निगम के अलावा दमकल और एसडीआरएफ की टीमें भी लगी हैं।





बृहस्पतिवार सुबह से ही नगर निगम ने चार मशीनों के साथ नाले में कर्मचारियों को उतार दिया। जिस जगह दुकान गिरी, मशीन से कचरा हटाकर तलाशा गया। दुकानों के आगे करीब 100 मीटर दूर से चेन मशीन नाले के अंदर उतार दी गई। इससे कचरा और सिल्ट हटने के बाद कर्मचारियों से तलाश कराई गई। आंबेडकर पार्क की ओर भी एक मशीन लगाई गई।

अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने बताया कि सफाई कर्मचारियों, तकनीकी स्टाफ और आपदा प्रबंधन से जुड़े कर्मियों को अलग-अलग टीमों में बांटकर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एक पोकलेन मशीन बृहस्पतिवार सुबह खराब हो चुकी है, जिस पर दूसरी मशीन तत्काल बुलाई गई। दोपहर बाद पीड़ित परिवार ने सर्च ऑपरेशन फिर शुरू करने को कहा तो शाम तक तलाश की गई। बिजलीघर स्थित डलियावाले पुल से सुभाष बाजार तक भूमिगत नाले में पोकलेन मशीन उतारी गई।

**बिजलीघर नाले के पास बहकर आने के किए दावे**

नगर निगम के कर्मचारी जब वृद्धा की तलाश के लिए अमर सिंह गेट और रामलीला मैदान के पास नाले में पहुंचे तो वहां मौजूद झुग्गी-झोपड़ी वालों में से तीन लोगों ने दावा किया कि उन्होंने बुधवार शाम को नाले में कुछ बड़ा बहते हुए देखा था, लेकिन वह क्या था, इस पर वह स्पष्ट नहीं बता सके। रामलीला मैदान के पास गेट लगा हुआ है, लेकिन बारिश में पानी तेज आने के कारण इसे खोल दिया जाता है। वहां भी तलाश की गई लेकिन वृद्धा का कुछ पता नहीं चला।

नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे दिन 100 कर्मचारियों को सर्च ऑपरेशन में लगाया गया। कई जगह नाले से फ्लोटिंग और सिल्ट हटाई गई है। सभी संसाधन लगाए गए हैं। तलाश में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। हादसे के विरोध में बृहस्पतिवार को कपड़ा बाजार बंद रहा। व्यापार मंडल अध्यक्ष टीएन अग्रवाल ने बताया कि घायल हुए दुकानदार तुलाराम पंजवानी और एक अन्य को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से फिर परिजन एसएन मेडिकल कॉलेज ले गए। निजी अस्पताल ने एक ही दिन में 76 हजार रुपये का बिल बना दिया था। इसकी शिकायत डीएम मनीष बंसल से फोन पर की गई। डीएम के निर्देश पर अस्पताल ने 30 हजार रुपये चेक से वापस किए।

### जेई पर कार्रवाई की संस्तुति, चीफ इंजीनियर को नोटिस

आगरा के सुभाष बाजार में दो मंजिला दुकान गिरने के मामले में नगर निगम की जांच में क्षेत्र के अवर अभियंता ललित अग्रवाल को दोषी माना गया है। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है, जबकि नगर निगम के प्रभारी मुख्य अभियंता अरविंद श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नगर आयुक्त ने इस मामले की जांच के आदेश अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार को दिए थे। जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि क्षेत्र के अवर अभियंता ललित अग्रवाल पर जिम्मेदारी थी कि वे समय-समय पर दुकानों और संरचनाओं की तकनीकी स्थिति का निरीक्षण कर जर्जर भवन को नोटिस जारी करते।

उन्होंने सुभाष बाजार कमेटी की 9 जून की मांग पर 16 जून को निरीक्षण भी किया, लेकिन इसकी रिपोर्ट नहीं दी। तकनीकी संरचना का आकलन नहीं किया गया। अपर नगर आयुक्त की रिपोर्ट में इसे गंभीर प्रशासनिक और तकनीकी लापरवाही मानते हुए कार्रवाई की संस्तुति की गई है। इसी रिपोर्ट के आधार पर नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने प्रभारी मुख्य अभियंता अरविंद श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। क्षेत्रीय अवर अभियंता ललित अग्रवाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है।

### कब तक जर्जर इमारतें लोगों की जान लेती रहेंगी-शब्बीर अब्बास



सपा के महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने कहा कि सुभाष बाजार में हुई इस घटना ने नगर निगम और प्रशासन की घोर लापरवाही को उजागर किया। पक्की सराय में एक जर्जर मकान का छज्जा गिरा, इस हादसे में 10 वर्षीय मासूम की जान चली गई। उसी घटना में एक बुजुर्ग की भी मृत्यु हो गई। धूलियागंज क्षेत्र में भी इमारत गिरने की घटना सामने आई। सिकंदरा में चार दुकानों के गिरने की घटना हुई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। बेलनगंज क्षेत्र में भी इमारत गिरने का मामला सामने आया। किनारी बाजार क्षेत्र में भी इसी प्रकार की दुर्घटना हुई। उन्होंने मांग की कि पुराने आगरा की सभी जर्जर इमारतों का तत्काल सर्वे किया जाए। दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### सपा नेता विनय अग्रवाल ने भी देखा रेस्क्यू कार्य

**आगरा** एनएनआई। सुभाष बाजार हादसे में महिला की तलाश को लेकर चल रहे रेस्क्यू कार्य को देखने सपा नेता विनय अग्रवाल भी पहुंचे। उन्होंने मंटोला इंस्पेक्टर से कहा कि इस तरह की जर्जर दुकान या मकान आपके क्षेत्र में है तो आप कोई रिपोर्ट बनाते हैं, इस पर इंस्पेक्टर ने कहा कि 20 दिन पहले ही नगर निगम को रिपोर्ट अपनी दे चुका हूं। इसके बाद विनय अग्रवाल ने सहायक नगर आयुक्त से भी बात की, इस पर उनसे नोकझोंक भी हुई। उनहोंने कहा कि अधिकारी जवाब देना नहीं चाहते और जो अधिकारी जवाबदारी देना चाहता है उसको देने नहीं देते। इस दौरान उनके साथ पठान कुरैशी, भोलू कुरैशी, मोनिका नाज खान, संजय अग्रवाल, हिमांशु यादव, भानु प्रताप सिंह आदि थे। विनय अग्रवाल नेमौजूद पीड़ित परिवार से भी मुलाकात की और उनको सांत्वना दी।



# बारिश के बीच बड़ा हादसा टला, कर्मयोगी क्षेत्र में अचानक धंसी सड़क

एनएनआई

**आगरा।** लगातार हो रही भारी बारिश के बीच थाना कमला नगर क्षेत्र के कर्मयोगी फव्वारा इलाके में गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। अचानक सड़क धंसने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि स्कूल की छुट्टी होने से कुछ मिनट पहले ही सड़क धंसी, जिससे कई स्कूल वाहन संभावित हादसे की चपेट में आने से बच गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सड़क के दोनों ओर आवाजाही बंद कर दी, ताकि कोई वाहन या राहगीर गड्ढे में न गिर जाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क में बना गड्ढा इतना गहरा है कि उसमें एक छोटा वाहन पूरी तरह समा सकता है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई और सड़क की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत कराकर आवागमन सुरक्षित करने की मांग की है।





जानकारी मिलते ही मौके पर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, कर्मयोगी सोसायटी के अध्यक्ष पवन बंसल के साथ पहुंच कर नगर आयुक्त, जलकल के महाप्रबंधक से बात कर कहा कि समस्या का तत्काल समाधान किया जाए तथा पूरे कमलानगर विस्तार की भूमिगत सीवर व पानी की लाइन का संघन निरीक्षण हेतु प्रभावी- कारगर कदम उठाकर भविष्य की घटनाओं की पुनरावृत्तिओं को रोका जाए। साथ ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष, पवन बंसल, पूर्व पार्षद दीपक ढल, संजय अग्रवाल, प्रमेंद्र जैन, भानू मंगलानी, मुकुल जमदग्नि, अंकित बंसल, बहादुर वर्मा, मुकेश सभानी, आदि उपस्थित थे।

# गड्ढों में बदल गई सड़कें

## आरएलडी ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन आरसीसी निर्माण की मांग

एनएनआई

**मलपुरा।** अकोला विकासखंड की ग्राम पंचायत जारूआ, कटरा, मुड़ेरा एवं गोपालपुरा की बदहाल सड़कों और जलभराव की समस्या को लेकर राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह ने आगरा मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र की अधिकांश सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बरसात का पानी भर जाने से राहगीरों को यह तक समझ नहीं आता कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क। आए दिन दोपहिया वाहन चालक, बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे फिसलकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अर्चना सिंह ने बताया कि सिरौली से जारूआ, कटरा से मुड़ेरा तथा जारूआ-कटरा से गामरी तक जाने वाले तीनों प्रमुख संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों ग्रामीणों का आवागमन होता है। क्षेत्र में लगभग 20 छोटे-बड़े विद्यालय संचालित हैं,





जिनमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जारूआ गांव में आंबेडकर पार्क से हनुमान मंदिर तक चकरोड संख्या-925 पर भारी जलभराव और कीचड़ का दलदल बना हुआ है। इससे किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है। कई किसान कीचड़ में फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क और चकरोड की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा चकरोड संख्या-925 पर आरसीसी खड़ंजा का निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और आम राहगीरों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

## ऑनलाइन ठगी के मामले में 4 नामजद, मुकदमा दर्ज

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** थाना क्षेत्र में ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त आगरा के निर्देश पर सर्विलांस, एसओजी साइबर सेल और साइबर थाना पुलिस द्वारा चलाए गए साइबर अपराध सत्यापन अभियान के दौरान प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच की गई। जांच में सामने आया कि एक बैंक खाते के जरिए शिकायतकर्ता से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर धनराशि निकाली गई। पुलिस के अनुसार जांच में गौरव शर्मा, सत्यप्रकाश परमार, जितेंद्र सिंह और सोटी ठाकुर का नाम प्रकाश में आया। इन चारों के विरुद्ध थाना फतेहपुर सीकरी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दरगाह सज्जादानशीं पीरजादा रईस मियां चिश्ती का इंतकाल

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** विश्व प्रसिद्ध हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के सज्जादानशीन पीरजादा रईस मियां चिश्ती का बुधवार देर रात लखनऊ के एरा मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

गुरुवार को असर की नमाज के बाद शाम को उन्हें दरगाह परिसर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

बताया जाता हैं कि रईस मियां चिश्ती सूफी संत शेख सलीम चिश्ती की 16वीं पीढ़ी के वंशज थे। कई दशकों तक सज्जादानशीन रहते हुए उन्होंने प्रेम, शांति, सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश दिया। उनके निधन से सूफी समुदाय और क्षेत्र में शोक की लहर है।

## प्रसव पीड़ा से छटपटा रही थी महिला, चार घंटे दलदल में फंसा रहा ट्रैक्टर

एनएनआई

**बाह।** यमुना के बीहड़ में बसे बाह के सुंसार गांव में एंबुलेंस नहीं पहुंचती, प्रसव पीड़ा होने पर ट्रैक्टर ट्रॉली से गर्भवती को अस्पताल तक ले जाना पड़ता है। बृहस्पतिवार तड़के रामब्रज की पत्नी कृष्णा को प्रसव पीड़ा हुई, उसका चौथा प्रसव था। प्रसव पीड़ा से छटपटा रही गर्भवती को परिजनों ने ट्रॉली में बिठाया, बारिश से बचने के लिए तिरपाल तान लिया और प्रसव के लिए तड़के 4 बजे ट्रैक्टर से बाह सीएचसी के लिए निकले। कीचड़ और दलदल भरे





रास्ते पर ट्रैक्टर ट्रॉली फंस गये। पति रामब्रज, सोनू राजपूत, छोटू, शशिकांत, शीला देवी आदि ने बताया कि गांव के लोग फावड़े लेकर आए और कीचड को हटाकर फिसलन को रोकने के लिए सिल्ट डाली। फिसलन भरे रास्ते पर कई बार ट्रॉली पलटने से बची, प्रसूता एवं परिवार की महिलाओं की जान बचाने के लाले पड़ गये थे। करीब 4 घंटे की जद्दोजहद के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली सुबह 8 बजे के करीब मंसूरपुरा की सड़क तक पहुंची। दोपहर 2 बजे के करीब प्रसव का समय न होने की बात कहकर अस्पताल से छुट्टी कर दी गई। लेकिन प्रसव पीड़ा से परेशान गर्भवती को परिजन फतेहाबाद के निजी अस्पताल ले गये। आजादी के 79 साल बाद भी बाह के सुंसार गांव को सड़क नसीब नहीं हो सकी है। बीहड़ की पगडंडी के रास्ते आना जाना गांव के लोगों की नियत बन गई है। बारिश के मौसम में बीहड़ी रास्ते पर कीचड़ और दलदल में बाइक से निकलना मुश्किल हो जाता है।

## नगला मालियान में नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। आदर्श नगर पालिका परिषद के मनोनीत सभासद मुरारी लाल सैनी ने बिजली विभाग को पत्र भेजकर इस्लाम गंज-नगला मालियान क्षेत्र में नया 250 केवी ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। सभासद द्वारा दिए पत्र में कहा गया कि वार्ड-13 नगला मालियान और वार्ड-05 इस्लाम गंज में आए दिन 10-15 मिनट में बिजली के तार टूट जाते हैं। बार बार फेस गायब हो जाता है। इससे लोगों को घंटों बिजली नहीं मिल पाती और काफी परेशानी हो रही है। सभासद ने विभाग से उचित स्थान देखकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित करवाकर नागरिकों को राहत दिलाने की मांग की है।

## बस अड्डे से महिला का सात हजार रुपयों समेत पर्स चोरी

एनएनआई

**बाह।** भदावर बस स्टेशन बाह की बैंच पर रखा सात हजार रुपये समेत पर्स चोरी होने से यात्री महिला फूट फूट कर रोई तो स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। टूंडला की पिंकी पत्नी लालता प्रसाद ने बताया कि परिवार के साथ फरीदाबाद में रहती है। बृहस्पतिवार की शाम बस से दवाई लेने के लिए जैतपुर में रिश्तेदार चिकित्सक के पास जाने को घर से बेटी के साथ निकली थी। बस से उतर कर भदावर बस स्टेशन बाह की बैंच पर बैठ गई थी, पास में ही सूटकेस रख लिया था। कुछ देर बाद बैंच पर रखे सूटकेस को खोला और पास में ही 7 हजार रुपयों से भरा पर्स रख लिया था। कुछ देर बाद सामान खरीदने के लिए पर्स को तलाश किया तो 7 हजार रुपये समेत गायब पर्स को देखकर महिला सन्न रह गई। रुपयों समेत पर्स गायब होने से परेशान पिंकी फूट फूट कर रोने लगी तो यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोग भी पहुंच गये। बस अड्डे के आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसी दौरान उनका रुपयों से भरा पर्स मिल गया। तब कहीं जाकर महिला की जान में जान आई।


## प्रशासन ने शुरू की 'मेरी नजर से आगरा' ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता

एनएनआई

**आगरा।** डीएम मनीष बंसल के कुशल नेतृत्व में जनपद की ऐतिहासिक,सांस्कृतिक,धार्मिक तथा अन्य पहलुओं की विशिष्टता को नवीन पहचान,विस्तृत फलक व नवोन्वेशी आयाम देने जिला प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण जनपद – आगरा नगर से लेकर फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा, बाह-बटेश्वर एवं चम्बल क्षेत्र तक – की सुंदरता, समृद्ध संस्कृति एवं ऐतिहासिक इमारतों को जन-जन की दृष्टि से प्रस्तुत करने हेतु ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता मेरी नजर से आगरा का शुभारम्भ किया गया है।

प्रतियोगिता में कोई भी नागरिक – शौकिया अथवा पेशेवर छायाकार – निःशुल्क भाग ले सकता है। प्रतिभागी जनपद के किसी भी क्षेत्र – नगर अथवा ग्रामीण अंचल – की सुंदरता, संस्कृति, पर्व-त्योहार, हस्तशिल्प, जनजीवन अथवा प्रतिष्ठित इमारतों (ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी, एत्माद-उद-दौला, सिकंदरा, बटेश्वर मंदिर आदि) से सम्बंधित अपने द्वारा खींचे गए मौलिक छायाचित्र, अधिकतम 30 शब्दों के विवरण सहित,ई-मेलः-पर 20 जुलाई तक भेज सकते हैं।

छायाचित्र प्रतिभागी द्वारा स्वयं खींचा गया मौलिक चित्र हो; इंटरनेट अथवा अन्य स्त्रोत से कॉपी किए गए चित्र अस्वीकार्य होंगे। प्रत्येक छायाचित्र के साथ अधिकतम 30 शब्दों का विवरण(कैप्सन)प्रतिभागी का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने कहा कि आगरा केवल ताजमहल ही नहीं, बल्कि जीवंत संस्कृति, शिल्प और परम्पराओं का नगर है – यह प्रतियोगिता नागरिकों को अपने शहर को अपनी दृष्टि से दिखाने का अवसर देगी। समस्त नागरिकों, विद्यार्थियों एवं छायाकारों, आमजन से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है।



NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



## संपादकीय

# पंजाब में कांग्रेस पर दवाब बना रहे चन्नी

पंजाब में कांग्रेस को जाट सिख और दलित दोनों के वोट चाहिए इसीलिए कांग्रेस किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करना चाहती है ।पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कांग्रेस आलाकमान को मुश्किल में डाला है। वे चाहते हैं कि पार्टी उनको या तो प्रदेश अध्यक्ष बनाए या मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करे।दूसरी ओर पंजाब कांग्रेस की परंपरा रही है चुनाव जीतने पर प्रदेश अध्यक्ष को ही मुख्यमंत्री बनाया जाता है। इस सदी में कांग्रेस को दो बार सरकार बनाने का मौका मिला। दोनों बार कैप्टेन अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री बने और चुनाव से पहले दोनों बार कैप्टेन ही प्रदेश अध्यक्ष थे। पिछले चुनाव यानी 2022 के चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस ने कैप्टेन को हटा कर चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया था। उस समय नवजोत सिंह सिद्धू कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे। चन्नी को लगा कि अगर सिद्धू की कमान में चुनाव होता है और कांग्रेस जीतती है तो फिर कांग्रेस सिद्धू को सीएम बनाएगी।तभी चन्नी ने सीएम रहते कांग्रेस आलकमान पर इस बात का दबाव बनाना शुरू किया कि उनको मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करके कांग्रेस लड़े। दूसरी ओर यह भी कहा जाता है कि वे सिद्धू को उकसाते रहे ताकि वे उलटी सीधी बयानबाजी करें। उस समय चन्नी अपने मकसद में कामयाब हो गए। कांग्रेस आलाकमान सिद्धू से नाराज हुआ और चन्नी का चेहरा मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित कर दिया गया। कांग्रेस ने उनके चेहरे पर बड़ा दांव खेला था। जाट सिख के डोमिनेंस वाले राज्य में दलित मुख्यमंत्री बनाना और उसके चेहरे पर चुनाव लड़ना एक बड़ा दांव था, जो बुरी तरह से पिट गया। कांग्रेस सिर्फ हारी नहीं, बल्कि बहुत बुरी तरह से हारी। 117 की विधानसभा में कांग्रेस सिर्फ 19 सीट जीत पाई।कांग्रेस आलाकमान को लग रहा था कि जैसे 2007 से 2017 तक लगातार दो बार अकाली दल की सरकार रही थी वैसे ही कांग्रेस भी कम से कम दो बार सरकार बनाएगी। लेकिन कैप्टेन की विदाई, जाट सिख मतदाताओं की नाराजगी और दलित वोट साथ नहीं आने के कारण कांग्रेस हार गई।इतना ही नहीं मुख्यमंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर चुनाव लड़े चरणजीत सिंह चन्नी खुद भी हार गए। चन्नी अपनी पारंपरिक चमकौर साहिब सीट के साथ साथ भदौड़ सीट से भी लड़े थे और दोनों सीटों से चुनाव हार गए। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में वे जीत गए लेकिन कांग्रेस आलाकमान के सामने उनकी लोकप्रियता, प्रबंधन और उनके चेहरे के करिश्मे की पोल खुल गई थी। गौरतलब है कि पंजाब में 33 फीसदी के करीब दलित वोट है और कांग्रेस को उस वोट की उम्मीद है। लेकिन इसके लिए वह चन्नी का चेहरा घोषित करके जाट सिखों को नाराज नहीं करेगी। कांग्रेस के नेता यह भी मान रहे हैं कि दलित और मुस्लिम वोट स्वाभाविक रूप से कांग्रेस को मिलेगा। पंजाब के पिछले चुनाव के बाद से देश में स्थितियां बदली हैं। दलित व मुस्लिम का रूझान कांग्रेस की ओर दिखा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में पंजाब के साथ साथ देश के स्तर पर भी यह दिखा। तभी कांग्रेस पंजाब में चन्नी के भरोसे नहीं है। पहली बार पंजाब का राजनीतिक स्पेस इतना विभाजित दिख रहा है। पहली बार पांचकोणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं। ऐसे विभाजित राजनीतिक स्पेस में अगर कोई नई पार्टी आती है, जिसके पास एक ठीक ठाक वोट आधार हो तो वह अपनी जगह बना सकती है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी के नेता चिंता में हैं। उनको लग रहा है कि कांग्रेस, आप, अकाली दल, भाजपा और वारिस पंजाब दे जैसी पार्टियों के कारण ही चन्नी का हौसला बढ़ा है। वे दलित राजनीति का दांव खेल सकते हैं।पंजाब में दलित आबादी 33 फीसदी के करीब है। एक बार मुख्यमंत्री बन जाने के कारण चन्नी की पहचान बड़े नेता की हो गई है। लेकिन मुश्किल यह है कि पंजाब में मजहबी दलित और हिंदू दलित का बहुत साफ विभाजन है। यही कारण है कि कांशीराम पंजाब के प्रयोग में कामयाब नहीं हुए थे। दूसरी बात यह है कि दोनों समुदाय के दलित अलग अलग पार्टियों में बंटे हुए हैं। ऐसे में अगर चन्नी कुछ वोट अपने साथ जोड़ते भी हैं तो उनसे सीटों का कोई फायदा नहीं होगा। इसलिए कहा जा रहा है कि वे कांग्रेस पर दबाव बनाने की राजनीति कर रहे हैं ताकि कांग्रेस उनको मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दे। लेकिन कांग्रेस इस बार ऐसा नहीं करने जा रही है। अगर ऐसा नहीं होता है तो चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष के नाते चन्नी अपने ज्यादा से ज्यादा लोगों को टिकट दिलाने का प्रयास करेंगे।

कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि चन्नी चाहे जितना दबाव बना लें, वे पार्टी नहीं तोड़ सकते हैं। चुनावी साल में कुछ विधायकों का इधर उधर होना अलग बात है।लेकिन वे अलग पार्टी बना कर राजनीति करने की नहीं सोचेंगे और अगर लड़ेंगे भी तो उससे कांग्रेस को ज्यादा नुकसान नहीं होगा।

# एक ही कार में दो छात्राओं को खींचकर छेड़छाड़, अपहरण करने की भी कोशिश

एनएनआई

**मथुरा।** महावन और बलदेव क्षेत्र में दो दिन में दो छात्राओं को जबरन कार में बैठाने, मारपीट, गला दबाने, छेड़छाड़, धमकी देने और सामान छीनने की घटना हो गई। दोनों घटनाओं में कार का नंबर एक ही है। दोनों छात्राओं के स्वजन ने महावन और बलदेव थाने में अलग-अलग मुकदमा दर्ज कराया है। वारदात के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर आरोपित की पहचान कर ली है। कार मथुरा की है। सीसीटीवी फुटेज में भी कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। सीओ महावन ने एक टीम लगाकर आरोपित की निगरानी शुरू कराई है। पुलिस आरोपित को रंगेहाथ पकड़ने की तैयारी है।

महावन और बलदेव थाना क्षेत्र में दो दिनों के भीतर एक ही एक्सप्रेसो कार से जुड़ी दो अलग-अलग घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों मामलों में पीड़ित युवतियां कालेज से लौट रही थीं। दोनों ने एक ही कार चालक पर जबरन गाड़ी में बैठाने, छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी के आरोप लगाए हैं। पहली घटना मंगलवार को महावन थाना क्षेत्र में हुई है।

आरोप है कि कार चालक ने छात्रा को जबरन अपनी गाड़ी में खींच लिया। उसके साथ छेड़छाड़ की। मारपीट की और विरोध करने पर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना बुधवार को बलदेव थाना क्षेत्र में हुई। आरोप है कि कालेज से लौट रही छात्रा को कार चालक ने रास्ते में रोककर जबरन गाड़ी में बैठा लिया।

उसका मोबाइल और बैग छीन लिया। युवती के विरोध करने पर आरोपित ने स्प्रे छिड़क कर चेहरा खराब करने की धमकी दी। कार में गला दबाने का प्रयास किया। इसके बार आरोपित कार को घुमाते हुए छेड़छाड़ करता रहा। बलदेव चौराहे के समीप छात्रा ने हिम्मत जुटा कर अचानक कार की स्टेयरिंग को घुमा दिया। इससे कार अनियंत्रित हो गई और वह गेट खोलकर बाहर आ गई।

छात्रा के शोर मचाने पर लोग दौड़े तो आरोपित कार लेकर फरार हो गया। इस मामले में भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दोनों मुकदमों में आरोपित की कार का नंबर एक ही दर्ज है। इससे आशंका जताई जा रही है कि एक ही कार और एक ही आरोपित ने अलग-अलग स्थानों पर छात्राओं को निशाना बनाया है।

पुलिस घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और वाहन चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### श्रीगंगानगर की वारदात से मिलती-जुलती घटना

राजस्थान के श्रीगंगानगर में 18 जून को 13 वर्षीय बालिका को ई-रिक्शा चालक बहला फुसला कर टेंपो में बैठाकर ले गया था। उसने छात्रा को 50 हजार रुपये में एक होटल में बेच दिया। इसके बाद दिनों तक बच्ची को नशे की हालत में एक होटल से दूसरे होटल शिफ्ट किया गया और कई लोगों ने उसके साथ गलत काम किया। मामला देश भर में सुर्खियों में रहा था। अब मथुरा में एक ही कार नंबर से जुड़ी दो अलग-अलग वारदात सामने आने के बाद लोगों में वही डर और चिंता फिर गहरा गई है।

# महिला थाने में पति समेत 5 पर मुकदमा दर्ज

**हाथरस** एनएनआई। हसायन कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति और चार अन्य ससुरालियों के खिलाफ महिला थाने में कल देर रात उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने दहेज उत्पीड़न, गर्भपात कराने की कोशिश, मारपीट और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। खटोली, थाना हसायन निवासी लोकेश कुमारी पुत्री सोहनपाल ने बताया कि उसकी शादी 26 फरवरी 2024 को हापुड़ के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अल्लाबख्शपुर उर्फ बागरपुर निवासी मोहित कुमार से हुई थी। शादी के बाद वे लगभग दो वर्ष तक साथ रहे। इसी दौरान लोकेश कुमारी एक माह की गर्भवती हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति, सास, ननद (हिमांशी) और देवर ने मिलकर उन्हें जान से मारने की साजिश रची। धोखे से उनके खाने में गर्भपात की दवा मिला दी गई। इससे उनका गर्भपात तो नहीं हुआ, लेकिन पेट में भयंकर संक्रमण हो गया, जिसके कारण जान बचाने के लिए एक बड़ा ऑपरेशन करना पड़ा।

# रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

## बोले- ट्रेन के नीचे से निकलकर जाते हैं बच्चे

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद तहसील क्षेत्र के हेंडल किशनपुर नगला भीमसेन गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन किया। ग्रामीण वर्षों से लंबित रास्ते की मांग कर रहे थे। इस प्रदर्शन में महिलाएं, पुरुष और स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिन्होंने रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और स्थायी रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार, उनका गांव एक ओर फरुखाबाद रेल मार्ग और दूसरी ओर कानपुर रेल मार्ग से घिरा है। इससे गांव का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक समस्या स्कूली बच्चों के सामने है, जिन्हें स्कूल आने-जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप



लगाया कि बच्चे कई बार मजबूरी में ट्रेनों के नीचे से निकलकर अपनी जान जोखिम में डालते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखा। इसके बाद ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल ने स्टेशन मास्टर राजेश्वर को ज्ञापन सौंपा।

# ग्राम बरारी में बना पहला 'लाडली वन', लौटेगी ब्रज की हरियाली

एनएनआई

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के 'वृक्षारोपण महाभियान 2026' और प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जनपद में पर्यावरण संरक्षण की एक अनूठी पहल की गई है। 'आओ लौटाएं ब्रज की हरियाली' की थीम पर जिले की 101 ग्राम पंचायतों में 'लाडली वन' स्थापित किए जा रहे हैं। इस अभियान का विधिवत शुभारंभ विकास खंड फरह के ग्राम पंचायत बरारी से किया गया, जहां जनपद का पहला 'लाडली वन' स्थापित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता और डीएफओ वेंकट



श्रीकर पटेल की मौजूदगी में मियावाकी पद्धति से 1000 वर्ग मीटर के स्थान पर 3000 पौधे रोपे गए।

इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की 101 बालिकाओं ने पौधारोपण किया और तीन-तीन पौधों को गोद लेकर उन्हें विशाल वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। प्रशासन ने 12 जुलाई 2026 तक जनपद की शेष 100 ग्राम पंचायतों में भी लाडली वन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मियावाकी पद्धति से यह पौधरोपण किया गया है। इन वनों को 'लाडली वन' का नाम दिया गया है। 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ- वृक्ष लगाओ' के नारे के साथ हम ब्रज की हरियाली लौटाने के लिए संकल्पित हैं। मियावाकी एक जापानी तकनीक है, जिससे कम जगह में पौधे तेजी से विकसित होकर घने वन का रूप ले लेते हैं। नागरिकों से अपील है कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं क्योंकि केवल पौधरोपण ही नहीं, उनका नियमित संरक्षण भी हम सबकी जिम्मेदारी है।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने बताया कि जनपद को हरा-भरा बनाने के इस अभियान में मियावाकी तकनीक बेहद कारगर साबित हो रही है। सभी कंसल्टिंग इंजीनियरों, खंड विकास अधिकारियों और सचिवों को बरारी में अपनाई गई इस तकनीक का गहन अध्ययन करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।


# 'लॉकअप 2' में गोविंदा की धमाकेदार एंट्री

## सुनीता आहूजा के मजाक पर दिया दिलचस्प जवाब



चर्चित कार्यक्रम लॉकअप 2 में इस सप्ताह कई भावनात्मक और मनोरंजक पल देखने को मिले। अब कार्यक्रम में अभिनेता गोविंदा की विशेष उपस्थिति ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। कार्यक्रम का नया प्रचार वीडियो सामने आने के बाद यह चर्चा का विषय बन गया है।

प्रचार वीडियो में कार्यक्रम की मेजबानी कर रहीं फराह खान गोविंदा का स्वागत करती नजर आती हैं। बातचीत के दौरान फराह खान, सुनीता आहूजा के पहले दिए गए एक मजाकिया बयान का जिक्र करती हैं। इस पर गोविंदा भी उसी अंदाज में जवाब देते हुए माहौल को हल्का और मनोरंजक बना देते हैं। उनके जवाब पर वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़ते हैं और सुनीता आहूजा भी मुस्कुराती दिखाई देती हैं। कार्यक्रम में सुनीता आहूजा इन दिनों कई चुनौतियों का सामना करती नजर आ रही हैं। हाल के एपिसोड में उन्होंने भावुक होकर घर लौटने की इच्छा भी जताई थी। उन्होंने साथी प्रतिभागियों से बातचीत में बताया था कि गोविंदा ने उन्हें इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने से मना किया था, लेकिन उन्होंने अपने निर्णय पर आगे बढ़ने का फैसला किया। सूत्रों के अनुसार, इस सप्ताह प्रतियोगिता में बाहर होने का खतरा कुछ प्रतिभागियों पर मंडरा रहा है और सुनीता आहूजा का नाम भी चर्चा में है। ऐसे समय में गोविंदा की उपस्थिति को उनके समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। गोविंदा और सुनीता आहूजा के रिश्ते को लेकर पिछले कुछ समय से कई तरह की चर्चाएं होती रही हैं। हालांकि दोनों ने सार्वजनिक रूप से कई बार एक-दूसरे के प्रति सम्मान जताया है। लॉकअप 2 में गोविंदा की यह उपस्थिति दर्शकों के लिए एक खास सरप्राइज मानी जा रही है और इसका वीडियो सामाजिक माध्यमों पर तेजी से साझा किया जा रहा है।



'धमाल 4' का पहला रिव्यू आया सामने

# अरशद वारसी-जावेद जाफरी की जोड़ी ने लूटी महफिल

**अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी अभिनीत बहुप्रतीक्षित हास्य फिल्म धमाल 4 की विशेष प्रदर्शनी के बाद दर्शकों की शुरुआती प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। सामाजिक माध्यमों पर साझा किए गए विचारों के अनुसार फिल्म भरपूर हास्य, रोचक घटनाक्रम और कलाकारों की सटीक प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन करने में सफल रही है।**



फिल्म देखने वाले कई दर्शकों ने इसे पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर बताया है। प्रतिक्रियाओं के मुताबिक धमाल 4 शुरूआत से अंत तक हंसी के मौके देती है और अपनी पहचान रही हास्य शैली को बनाए रखती है। दर्शकों का कहना है कि फिल्म में कई ऐसे दृश्य हैं जो लगातार गुदगुदाने का काम करते हैं। शुरूआती समीक्षाओं में सबसे अधिक चर्चा अरशद वारसी और जावेद जाफरी की जोड़ी की हो रही है। दर्शकों का मानना है कि दोनों कलाकारों ने अपने अभिनय और हास्यपूर्ण अंदाज से फिल्म में जान डाल दी है। वहीं अजय देवगन, रितेश देशमुख, संजय मिश्रा और अन्य कलाकारों के अभिनय को भी सराहा जा रहा है। बताया जा रहा है कि फिल्म में पुराने धमाल श्रृंखला की पहचान बनी हास्य शैली को बरकरार रखा गया है, लेकिन कहानी में नई परिस्थितियों और नए पात्रों को शामिल कर ताजगी लाने का प्रयास किया गया है। यही वजह है कि फिल्म पुराने प्रशंसकों के साथ नए दर्शकों को भी आकर्षित कर सकती है। निर्देशक इंद्र कुमार के निर्देशन और लेखन को भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। दर्शकों का कहना है कि फिल्म की रफ्तार संतुलित है और घटनाक्रम लगातार मनोरंजन बनाए रखते हैं। हालांकि फिल्म की वास्तविक सफलता का आकलन इसके प्रदर्शन के बाद ही हो सकेगा, लेकिन शुरूआती प्रतिक्रियाओं ने धमाल 4 को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। यदि दर्शकों के बीच सकारात्मक चर्चा बनी रहती है तो फिल्म को शुरूआती दिनों में अच्छा प्रतिसाद मिलने की उम्मीद है।

# शाहरुख खान के लिए लिखा गया था 'एम बोले तो'

*'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में पहले उन्हें लेने की थी तैयारी*

निर्देशक राजकुमार हिरानी की चर्चित फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में मुरली प्रसाद शर्मा का किरदार निभाकर संजय दत्त ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। हालांकि बहुत कम लोग जानते हैं कि इस भूमिका के लिए शुरूआत में शाहरुख खान को लेने की योजना बनाई गई थी। बाद में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से वह इस परियोजना का हिस्सा नहीं बन सके और यह भूमिका संजय दत्त को मिली। फिल्मकार फरहाद सामजी ने एक बातचीत में बताया कि फिल्म का लोकप्रिय गीत एम बोले तो भी मूल रूप



से शाहरुख खान को ध्यान में रखकर लिखा गया था। उन्होंने बताया कि उस समय उन्हें जानकारी दी गई थी कि फिल्म के नायक शाहरुख खान होंगे और किरदार मुंबई की आम बोलचाल वाली शैली वाला होगा। इसी आधार पर गीत की शुरुआती पंक्तियां तैयार की गई थीं। फरहाद सामजी ने बताया कि एक रात संगीतकार अनु मलिक का फोन आया और अगले दिन होने वाली बैठक के लिए गीत की शुरूआती पंक्तियां तैयार करने को कहा गया। बैठक में निमार्ता विधु विनोद चोपड़ा और निर्देशक राजकुमार हिरानी शामिल होने वाले थे। उन्होंने रातभर में गीत का मुखड़ा तैयार किया, जिसे सुनकर सभी ने पसंद किया। बाद में शाहरुख खान पीठ की गंभीर चोट के कारण फिल्म से अलग हो गए। इसके बाद संजय दत्त को मुख्य भूमिका में लिया गया। वर्ष 2003 में प्रदर्शित मुन्ना भाई एमबीबीएस को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला और यह हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में शामिल हो गई। फिल्म में संजय दत्त के साथ अरशद वारसी, ग्रेसी सिंह, बोमन ईरानी और सुनील दत्त ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। भावनाओं, हास्य और सामाजिक संदेश से भरपूर इस फिल्म के पात्र और संवाद आज भी दर्शकों के बीच लोकप्रिय हैं।





# इंग्लैंड ने रचा इतिहास

## पहली बार भारत से जीती टी-20 श्रृंखला

- चौथे मुकाबले में नौ विकेट से रौंदा, 3-0 की अजेय बढ़त बनाई
- ब्रूक-सॉल्ट की शतकीय साझेदारी, भारत की बल्लेबाजी फिर रही विफल

**ब्रिस्टल।** इंग्लैंड ने भारतीय टीम को चौथे टी-20 मुकाबले में नौ विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। इसके साथ ही इंग्लैंड ने पहली बार भारत के खिलाफ दो या उससे अधिक मैचों की द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला अपने नाम कर इतिहास रच दिया। लगातार तीसरी हार के साथ भारत श्रृंखला गंवा बैठा और कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में यह लगातार दूसरी टी-20 श्रृंखला हार भी बन गई।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने सात विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने मात्र 13.5 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। हैरी ब्रूक और फिल सॉल्ट ने दूसरे विकेट के लिए 146 रन की अविजित साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को पूरी तरह बेअसर कर दिया।

इंग्लैंड के कप्तान ब्रूक ने 35 गेंदों पर नाबाद 79 रन बनाए, जबकि सॉल्ट ने 59 रन की नाबाद पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को कोई मौका नहीं दिया। भारत को एकमात्र सफलता अर्शदीप सिंह ने दिलाई। यह गेंदें शेष रहते हुए भारत की टी-20 क्रिकेट में तीसरी सबसे बड़ी हार रही। वहीं इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ इस प्रारूप में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

### श्रेयस ने अकेले संभाली पारी



भारतीय बल्लेबाजी एक बार फिर निराशाजनक रही। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे और टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही। कप्तान श्रेयस अय्यर ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 49 गेंदों में नाबाद 80 रन बनाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। श्रेयस के अलावा शिवम दुबे ने 22 रन का योगदान दिया। अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा और अन्य बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।

### भारत के लिए बढ़ी चिंता

आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला हारने के बाद इंग्लैंड के हाथों मिली यह हार भारतीय टीम के लिए चिंता बढ़ाने वाली है। वर्ष 2019 के बाद यह पहला अवसर है जब भारत लगातार दो टी-20 श्रृंखलाएं हार गया है। अब दोनों टीमों के बीच अंतिम मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा, लेकिन श्रृंखला का फैसला पहले ही इंग्लैंड के पक्ष में हो चुका है।



# एम्बाप्पे-डेम्बेले के दम पर फ्रांस सेमीफाइनल में

**बोस्टन।** किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले के शानदार प्रदर्शन की बदौलत फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हराकर फुटबॉल विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कड़े मुकाबले में लंबे समय तक मोरक्को का मजबूत रक्षातंत्र फ्रांस को रोकता रहा, लेकिन दूसरे हाफ में छह मिनट के भीतर हुए दो गोलों ने मैच का फैसला कर दिया। फ्रांस ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और लगातार मोरक्को के गोल पर दबाव बनाए रखा। पहले हाफ में कई अवसर मिलने के बावजूद फ्रांसीसी टीम बढ़त नहीं बना सकी। मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनो ने कई शानदार बचाव कर अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा।



### एम्बाप्पे ने तोड़ा मोरक्को का प्रतिरोध

दूसरे हाफ के 60वें मिनट में एम्बाप्पे ने अपनी व्यक्तिगत कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस को बढ़त दिलाई। पेनल्टी क्षेत्र के बाहर मिले पास पर उन्होंने तीन रक्षकों को छकाते हुए दमदार शॉट लगाया, जिसे रोक पाना गोलकीपर के लिए संभव नहीं था। इस गोल के बाद मोरक्को ने वापसी की कोशिश में आक्रामक रणनीति अपनाई, लेकिन इसका फायदा फ्रांस को मिला। 66वें मिनट में एम्बाप्पे ने शानदार मूव तैयार करते हुए डेम्बेले को सटीक पास दिया। डेम्बेले ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए गेंद को जाल में पहुंचाकर बढ़त दोगुनी कर दी।

### पेनल्टी चूके, फिर भी बने नायक

मैच के पहले हाफ में एम्बाप्पे के पास पेनल्टी के जरिए गोल करने का अवसर था, लेकिन मोरक्को के गोलकीपर बोनो ने उनका प्रयास विफल कर दिया। इसके बावजूद फ्रांस के कप्तान ने दूसरे हाफ में गोल और एक गोल में सहयोग देकर जीत के सबसे बड़े नायक की भूमिका निभाई। फ्रांस ने पूरे मुकाबले में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और मोरक्को को ज्यादा अवसर नहीं दिए। 2022 में इतिहास रचने वाली मोरक्को की टीम का इस बार का अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। अब सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना स्पेन और बेल्जियम के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले की विजेता टीम से होगा। फ्रांस लगातार दूसरे विश्व कप फाइनल की ओर एक और कदम बढ़ाने में सफल रहा है।

# विंबलडनः ओस्टापेंको-अरेवालो की जोड़ी ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब

**लंदन।** जेलेना ओस्टापेंको और मासेलो अरेवालो की जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए विंबलडन 2026 का मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। फाइनल की शुरूआत ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने शानदार अंदाज में की। हंटर और पोलमैन्स ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया। दूसरे सेट में भी उन्होंने जल्दी सर्विस ब्रेक हासिल कर 3-1 की बढ़त बना ली थी। ऐसा लग रहा था कि मुकाबला सीधे सेटों में खत्म हो जाएगा, लेकिन ओस्टापेंको और अरेवालो ने इसके बाद शानदार वापसी की। दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल दिखाया और अगले आठ में से छह गेम जीतकर दूसरा सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही मैच निर्णायक तीसरे सेट में पहुंच गया। तीसरे सेट से पहले सेंटर कोर्ट की छत बंद कर दी गई। इसके बाद ओस्टापेंको और अरेवालो ने अपनी लय बरकरार रखी।



# शुक्रवार, 10 जुलाई राशिफल

मेषः आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और पुराने कार्यों को आगे बढ़ाने में सफलता मिलेगी। सेहत का ध्यान रखें और अधिक मेहनत से बचें। परिवार का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। निवेश और बड़ी खरीदारी में जल्दबाजी न करें। सोच-समझकर फैसले लें।

वृषः धन और परिवार से जुड़े मामलों में दिन अनुकूल है। खान-पान और आंखों की सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है। आर्थिक मामलों में पुरानी बात सामने आ सकती है। बड़ों का सहयोग मिलेगा। करियर में धैर्य रखना लाभदायक रहेगा।

मिथुनः बातचीत और संपर्क के मामलों में सफलता मिलेगी। भाई-बहनों से सहयोग प्राप्त होगा। छोटी यात्रा का योग बन सकता है। पुराने कार्यों को आगे बढ़ाने का समय है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। जीवनसाथी का साथ मनोबल बढ़ाएगा।

कर्कः घर-परिवार में सुखद माहौल बना रहेगा। माता का स्नेह और सहयोग मिलेगा। संपत्ति या वाहन से जुड़ा रुका काम आगे बढ़ सकता है। घर में बदलाव या सजावट की योजना बन सकती है। करियर में पुराने कार्यों पर ध्यान दें। मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

सिंहः रचनात्मक कार्यों में नई ऊर्जा मिलेगी। बच्चों के साथ समय बिताने से खुशी मिलेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। निवेश से जुड़ा मामला आगे बढ़ सकता है। करियर में प्रगति के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है।

कन्याः स्वास्थ्य और दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पुराने उधार या वित्तीय मामलों को निपटाने का अवसर मिलेगा। नौकरी में पुराने कार्यों पर फोकस रखें। प्रतिस्पर्धियों से सतर्क रहें। परिवार का सहयोग मिलेगा। नई योजनाओं में जल्दबाजी न करें।

तुलाः जीवनसाथी और साझेदारी के मामलों में दिन अनुकूल है। रिश्तों में मजबूती आएगी। व्यापारिक मामलों में पुरानी बात आगे बढ़ सकती है। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। करियर में पुराने कार्यों में गति मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

वृश्चिकः पुराने दस्तावेज, बीमा या वित्तीय मामलों में प्रगति होगी। कोई छिपी हुई बात सामने आ सकती है। शोध और विश्लेषण से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। करियर में पुराने कामों पर ध्यान देना लाभदायक रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध बेहतर होंगे। जल्दबाजी से बचें।

धनुः भाग्य का साथ मिलेगा और रुके कार्य आगे बढ़ेंगे। किसी वरिष्ठ या गुरु का मार्गदर्शन लाभ देगा। यात्रा या धार्मिक कार्यक्रम की योजना बन सकती है। करियर में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सकारात्मक सोच बनाए रखें। बड़े फैसलों में सावधानी बरतें।

मकरः करियर और सम्मान के लिहाज से दिन अच्छा है। वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत लाभकारी रहेगी। सरकारी कार्यों में प्रगति हो सकती है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। नए समझौतों में जल्दबाजी न करें।

कुंभः मित्रों और संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं। कोई पुरानी इच्छा पूरी होने की दिशा में बढ़ सकती है। पुराने मित्र से मुलाकात फायदेमंद रहेगी। नेटवर्क बढ़ाने के लिए दिन अनुकूल है। करियर में पुराने कार्यों को नया रूप दे सकते हैं। निवेश सोच-समझकर करें।

मीनः परिवार और आर्थिक मामलों में सतर्कता जरूरी है। खर्चों पर नियंत्रण रखना लाभदायक रहेगा। किसी पुरानी समस्या का समाधान निकल सकता है। विदेश या दूर स्थान से जुड़ी खबर मिल सकती है। करीबी लोगों से बातचीत मन हल्का करेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# 2017 वाले प्रदर्शन को 2027 में फिर दोहराएगी भाजपा






एनएनआई

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में महामंत्री बनने पर प्रथम बार आगरा आगमन पर रामप्रताप चौहान का टुंडला टोल से गांधीनगर आवास तक हजारों की संख्या में उपस्थित महिला,पुरुष एवं युवा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया।

काफिले की शुरूवात टुंडला टोल से आरम्भ हुई जो टुंडला चौराहे, एत्मादपुर चौराहा, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की मूर्ति, राष्ट्रदीप होटल, कुबेरपुर, पीएनसी कोल्ड स्टोरेज, शाहदरा चुंगी, ट्रांस यमुना, रामबाग चौराहा, वाटरवर्क्स होते हुए सुल्तानगंज की पुलिया पर भव्य मंच पर भव्य स्वागत किया गया।

सुल्तानगंज की पुलिया पर बने भव्य स्वागत मंच पर भाजपा उत्तर प्रदेश के यशस्वी महामंत्री रामप्रताप चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में केवल चुनाव में सक्रिय होने वाले अवसरवादी दलों का काला चिट्ठा आज प्रदेश की जनता के सामने खुल चुका है।

2017 से पहले की झूट के पुलिंदे को सजोने वाले दलों, महिलाओं और व्यापारियों से अपराध करने वाले दलों को उत्तर प्रदेश की जनता ने जड़ से उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है और सरकार बनाने के सपने संजोने वाले विपक्ष के नेता अब शून्य की और अग्रसर होते जा रहे है।आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत की हैट्रिक होने जा रही और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर विश्वास कर एक बहुत बड़ी जीत की खुशबू अभी से वातावरण में फैल चुकी है। राम मंदिर हम सभी देशवासियों का गौरव और आस्था का प्रमुख केंद्र है। जिन लोगों ने अयोध्या में गलत किया उन सभी लोगों को उसके परिणाम भुगतने पड़ रहे है। प्रभु श्री राम का अनादर करने वाले समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दल कभी भी सत्ता का सुख नहीं पा पाएंगे।

इस दौरान राज्यसभा सांसद नवीन जैन, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, विधायक जीएस धर्मेश, हेमंत भोजवानी, महेश शर्मा, नीतेश शिवहरे, राजू परमार,रोहित कत्याल,दीपू जादोन, नवीन गौतम,राहुल सागर,गौरव राजावत, अनीता खरे,डॉक्टर निधि शर्मा, मनमोहन कुशवाह,करुणा निधि गर्ग, अंजू गर्ग, नेहा गुप्ता, माधुरी माहोर, मुरारी लाल गोयल पार्षद, मनोज कुमार पार्षद,योगेश दिवाकर, शिव शैलेन्द्र,राहुल जैन, पिंटू शर्मा, विवेक लोधी, मनीष अग्रवाल, नवीन प्रजापति, प्रवीणा राजावत, संध्या माहोर, रेखा मनवानी, रेखा शर्मा,ललित शर्मा, हिमांशु ठाकुर, हिमांशु मिश्रा, श्याम राव, हरतेग आहूजा, शिवम सागर, सहित हजारों कार्यकर्ता, युवा शक्ति और बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही।

## कम लागत, कम फर्टिलाइजर प्रयोग वाली फसलों की करें बुवाईः कृषि मंत्री



- मंत्री कृषि सूर्यप्रताप शाही की अध्यक्षता में 'खेत बचाओ अभियान' व तिलहन मेला तथा कृषक संवाद हुआ

एनएनआई

**आगरा।** कृषि शिक्षा, एवं कृषि अनुसन्धान मंत्री सूर्यप्रताप शाही की अध्यक्षता में 'खेत बचाओ अभियान' तथा सुपर अलनीनो और सूखे के प्रभाव के अंतर्गत कृषकों के साथ संवाद एवं जनपद स्तरीय 'तिलहन मेला' आरबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज बिचपुरी सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही,विधायक रानी पक्षालिका सिंह, चौ. बाबूलाल, एमएलसी मानवेंद्र सिंह गुरुजी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ मोमेंटो देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र बिचपुरी में वृक्षारोपण कर एक पेड़ मां के नाम तथा वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया,कृषि मंत्री महोदय द्वारा कृषि यंत्रों ट्रैक्टर की चाभी, पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर पंप, बीज मिनी किट का वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड के लाभार्थियों तथा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित तिल के बीजों का वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आदि का वितरण कर किसान भाइयों को लाभान्वित किया।

कार्यक्रम में किसान भाइयों द्वारा एक एक कर उनकी समस्या पूछी गई तथा उन्हें अभिलिखित किया गया तथा मा. मंत्री महोदय ने सीधा संवाद किया, जिसमें किसानों ने मक्का व मूंग के क्रय केंद्र खोलने, आलू की समस्या, डीएपी वितरण आदि समस्या को रखा।

कृषि मंत्री ने बताया कि सामान्य से लगभग 55 प्रतिशत कम वर्षा होने के कारण प्रदेश में जल संकट की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में जल संरक्षण और कम पानी वाली फसलों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न खरीफ फसलों के एमएसपी पहले ही घोषित कर दिए हैं ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

## एनसीसी कैडिटों ने सीखी राइफल हैंडलिंग और ड्रिल की बारीकियां

### एनसीसी कैडेटो को अल्फा ,ब्रावो ,चार्ली और डेल्टा कंपनी में बांटा

एनएनआई

**आगरा।** वन यूपी बटालियन, एनसीसी द्वारा संचालित सीएटीसी 06 कैंप श्री राम आदर्श महाविद्यालय पनवारी में संचालित है कैंप कमांडेंट कर्नल दीपक जुयाल ने बताया कि सभी एनसीसी कैडेटो को अल्फा ,ब्रावो ,चार्ली और डेल्टा कंपनी में बांटा गया है । कंपनी के अनुसार विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और खेलकूद संपन्न होंगे, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडिटों को समापन के अवसर पर मेडल देकर पुरस्कृत किया जाएगा।



कैंप में सूबेदार मेजर निर्मल सिंह बताया कि आज एनसीसी के कैडेटो ने पॉइंट 22 राइफल की हैंडलिंग उसका खोलना जोड़ना सीखा। इसके अलावा ड्रिल में सैलूट करना, क्वार्टर गार्ड ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। ट्रेनिंग जेसीओ नायब सूबेदार एच आर यादव ने बताया की दिनभर के कड़े अभ्यास के बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, जिसमें कैडिट नृत्य, गायन, देशभक्ति गीत का प्रदर्शन कर अपनी थकान मिटाते हैं। कैंप की व्यवस्था मेजर शंभूजी पांडे,कैप्टेन मनीष,लेफ्टिनेंट वरुण कुमार,फर्स्ट अफसर ज्ञानेंद्र तिवारी,फर्स्ट अफसर विकास मिश्रा, सेकंड अफसर रजनी, सूबेदार बृजपाल सिंह, सूबेदार राजेंद्र लाल शाह, बी एच एम मोहम्मद मोइनुद्दीन, हवलदार हरदीप सिंह ने संभाली।

## मण्लायुक्त से मिले रिवर कनेक्ट के सदस्य



एनएनआई

**आगरा।** रिवर कनेक्ट अभियान के सदस्यों से मंडलायुक्त ने मुलाकात की। टीम ने उन्हें यमुना आरती मे सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया। इस पर मंडलायुक्त ने समय पूछा और आरती में शामिल होने की बात भी कही। इसके बाद सदस्यों ने यमुना की समस्याओं को साझा किया।

मथुराधीश मंदिर के महंत ने यमुना आरती स्थल के लिए एक फुट ओवरब्रिज की मांग की, फुट ओवरब्रिज पैदल यात्रियों के सुगमता हेतु बनना चाहिए जिसे उन्होंने सहर्ष नगरायुक्त को मार्क कर अपने निजी सचिव जी से कहा इसे तत्काल नगर निगम भेजिए। इस दौरान देवाशीष भट्टाचार्य, डॉ हरेंद्र गुप्ता आईएमए अध्यक्ष निर्वाचित, नंदन श्रोत्रिय, चतुर्भुज तिवारी, ज्योति खंडेलवाल, निधि पाठक, विशाल झा, जगन प्रसाद तेहरिया, जुगल श्रोत्रिय, अभिनव श्रोत्रिय उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरुण सिंह तोमर ने कार्यभार संभाला

**आगरा (एनएनआई)।** मंडल में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरुण सिंह तोमर ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्री तोमर इससे पूर्व झांसी मंडल में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (वर्कशॉप) के पद पर कार्यरत थे। इससे पहले वे आगरा मंडल में सहायक कार्मिक अधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। कार्मिक प्रशासन, मानव संसाधन प्रबंधन एवं संगठनात्मक कार्यों में उन्हें व्यापक अनुभव प्राप्त है। उल्लेखनीय है कि आगरा मंडल के तत्कालीन



वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सनत जैन के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में स्थानांतरण के उपरांत अरुण सिंह तोमर की आगरा मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक गिरीश कुमार गुप्ता सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने अरुण सिंह तोमर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उनके सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव एवं नेतृत्व में कार्मिक प्रबंधन को नई गति मिलेगी तथा कर्मचारियों के हितों के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों का प्रभावी एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित होगा।